**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**20.12.2025/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे**

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि दुनिया में संतुलन बहाल करना न सिर्फ वैश्विक उद्देश्य हैं बल्कि एक वैश्विक तात्कालिक जरूरत भी है। नई दिल्ली में पारंपरिक चिकित्सा पर विश्व स्वास्थ्य संगठन वैश्विक शिखर सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि योग ने विश्व को स्वास्थ्य, संतुलन और समरसता का मार्ग दिखाया है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रयासों और एक सौ 75 से अधिक देशों के सहयोग से संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने की घोषणा की गई थी।

**पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली का एक अहम हिस्सा योग भी है। योग ने पूरी दुनिया को स्वस्थ, संतुलन और सामंजस्य का रास्ता दिखाया है। बीते वर्षों में हमने योग को दुनिया के कोनेदृ कोने तक पहुंचते देखा है। मैं योग के प्रचार और विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले हर व्यक्ति की सराहना करता हूं।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के लिए यह सौभाग्य और गर्व की बात है कि जामनगर में विश्व स्वास्थ्य संगठन का वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा केंद्र स्थापित किया गया है। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि भारत पारंपरिक चिकित्सा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**सशस्त्र सीमा बल**

सशस्त्र सीमा बल आज अपना 62वां स्थापना दिवस मना रहा है। केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सशस्त्र सीमा बल के स्थापना दिवस पर जवानों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में अमित शाह ने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा करने से लेकर संकट के समय नागरिकों के साथ खड़े रहने तक, सशस्त्र सीमा बल ने हमेशा देश को गौरवान्वित किया है। इस बीच केंद्रीय मंत्री अमित शाह सशस्त्र सीमा बल के स्थापना दिवस पर कांगड़ा जिला के सपड़ी में आयोजित होने वाले समारोह में भाग लेने का कार्यक्रम रद्द हो गया है।

**राजीव भारद्वाज**

भाजपा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा कांगड़ा के इंदौरा में दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि मनरेगा समाप्त करने का दावा पूरी तरह झूठा, भ्रामक और राजनीतिक भ्रम फैलाने की साजिश है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व तथ्यहीन बयानबाजी कर ग्रामीण गरीबों को डराने का प्रयास कर रहा है। डॉ. भारद्वाज ने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार ने मनरेगा को समाप्त नहीं किया है, बल्कि उसे और अधिक मजबूत, पारदर्शी और परिणामोन्मुख बनाने के लिए 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण के रूप में उसका संरचनात्मक उन्नयन किया है। उन्होंने कहा कि यह नया अधिनियम रोजगार की गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर एक सौ 25 दिन करता है, जिससे ग्रामीण परिवारों की आय सुरक्षा पहले से अधिक मजबूत होगी।

**चंबा**

चलो चंबा अभियान के तहत जिला चंबा में जिम्मेदार स्थाई पर्यटन, स्थानीय पारंपरिक व्यंजनों, संस्कृति, कला व ऐतिहासिक धरोहरों को विश्व पर्यटन के मानचित्र पर लाने की दिशा में नए आयाम स्थापित किए गए हैं। नॉट ऑन मैप संस्था के प्रतिनिधित्व में इस अभियान से जुड़े लोगों ने बीते एक माह में पांच राज्यों सहित दो विदेशों के लोगों को इस अभियान से रूबरू करवाया है। बिहार की राजधानी पटना में आयोजित सातवें हिमालयन आरेंज टूरिज्म फेस्टिवल में चंबा जिला की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस महोत्सव में चलो चंबा अभियान एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र बना। चंबा के प्रतिभागी ने इस आयोजन को महत्वपूर्ण बताया।

***मेरा नाम मंनोज कुमार है हिमाचल प्रदेश जिला चम्बा पटना ऑरेंज फेस्टिव में भाग लेने का अवसर मिला प्रदेश की तरफ से गए हुए थे चम्बा का स्पेशल सीडू, चम्बा की कैप, चम्बा सोल, चम्बा रूमाल, चम्बा थाल लेकर गए हुए थे और यह सब उन दूसरे राज्यों को दिखा पाए।***

**विंटर कार्निवाल**

मनाली विंटर कार्निवाल कमेटी की एक बैठक कल मनाली में  विधायक भुवनेशवर गौड़ अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि मनाली विंटर कार्निवाल आगामी 20 जनवरी से शुरू होगा और इसके लिए मनाली माल रोड को भव्य तरीके से सजाया जाएगा। कार्निवाल के दौरान शाम के समय सांस्कृतिक संध्याओ का आयोजन किया जाएगा। विधायक ने बताया कि इसके अलावा पर्यटकों को हिमाचल व् कुल्लू के स्थानीय व्यंजनों से रूबरू करवाने के लिए लोकल फूड कार्नर लगाए जाएंगे।

**तबादला**

राज्य सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए वर्ष 2011 बैच के एच.ए.एस. अधिकारी डॉक्टर हरिश गज्जू को राज्य चुनाव आयोग का नया सचिव नियुक्त किया है। पूर्व में आयोग के सचिव रहे सुरजीत सिंह राठौर को सरकार ने लोकनिर्माण विभाग के अतिरिक्त सचिव के पद तैनात किया है। इसके अलावा एच.ए.एस अधिकारी निशांत शर्मा को एस.डी.एम नादौन लगाया गया है। इस संदर्भ में कार्मिक विभाग ने कल अधिसूचना जारी दी है।

———————————————